संख्या-1030/बयालिस-2020

प्रेषक,

कल्पना अवस्थी,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

2- प्रधानाचार्य,
स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ/गोरखपुर/सैफई (इटावा)।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक :08 जुलाई,2020**

विषय :- खेल निदेशालय में गुणवत्ता उन्नयन हेतु स्टेडियम/स्पोर्ट्स कालेजों के नियमित रूप से विस्तृत निरीक्षण के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश के युवाओं को उच्च स्तर का खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, जिसके दृष्टिगत प्रशिक्षण को सर्वसुलभ बनाने एवं उच्चस्तीय खेल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। नवयुवकों को खेल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा खेल क्षेत्र में मुख्यत: खेल का विस्तार करने सभी वर्गो को उसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा खेल में प्रशिक्षण की उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विभाग के अधीन स्टेडियम/स्पोर्ट्स कालेज संचालित है, इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों को खेल उपकरण गुणवत्ता पूर्ण उपलब्ध कराने तथा स्पोर्टस कालेजों में भी गुणवत्ता पूर्ण खेल उपकरण एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु, राज्य सरकार द्वारा स्टेडियमों की स्थापना की गयी है। कतिपय स्टेडियमों एवं स्पोर्टस कालेजों को उच्चीकृत करते हुए संचालित छात्रावास में खिलाड़ी को उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, साथ ही खिलाड़ियों हेतु उनकी आधारभूत सुविधाओं पर भी बल दिया जा रहा है। छात्रावास/कालेजों को ऑनलाइन करने के दृष्टिगत स्टेडियम में ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु आवश्यक संसाधन/उपकरण उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है।

2- सभी स्टेडियमों/स्पोर्ट्स कालेजों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाडियों को प्रदेश एवं देश की आवश्यकताओं के दृष्टिगत रोजगार परक बनाये जाने के उद्देश्य से आवश्यक सुधार लाये जाने की पहल भी राज्य सरकार द्वारा की जा रही है।

3- इन व्यापक प्रयासों के अन्तर्गत " खेल गुणवत्ता उन्नयन " को अभियान के रूप में संचालित करने का संकल्प लिया गया है। इस हेतु खेल के क्षेत्र में उच्च स्तरीय गुणात्मक अभिवृद्धि सुनिश्चित करते हुए जन सामान्य हेतु मूल्य आधारित उच्च स्तरीय खेल सुलभ कराया जाना है। स्टेडियम/स्पोर्ट्स कालेजों में छात्रों/खिलाड़ियों की पंजीकरण संख्या/ उनकी उपस्थिति, अध्ययन, प्रशिक्षण की स्थिति स्टेडियम/कालेजों की अवस्थापना सुविधा तथा अपेक्षित खेल प्रशिक्षण सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रदेश में संचालित प्रपत्र-1 (स्टेडियम/स्पोर्टस कालेज की अवस्थापना सुविधाऐं, प्रशासनिक, कार्यालय निरीक्षण) एवं निर्माणाधीन प्रपत्र-2 (निर्माणाधीन नवीन स्टेडियमों की भौतिक प्रगति आख्या), शैक्षणिक गुणवत्ता(स्पोर्टस कालेज) तथा खेल निदेशालय उ0 प्र0 के अधीन आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश हेतु आवदेन पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि इनके अनुसार ही नियमित विस्तृत निरीक्षण आवश्यक रूप से किया जाये।

4- अतः निदेशालय स्तर पर तैनात संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक, सहायक निदेशक, विभिन्न परिक्षेत्रों में तैनात क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह में कम से कम 02 स्टेडियमों का विस्तृत निरीक्षण नियमित रूप से संलग्न प्रारूप में अंकित बिन्दुओं पर करते हुए अपनी निरीक्षण आख्या निदेशक, खेल को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निदेशक, खेल द्वारा स्वयं भी यथा सम्भव कुछ स्टेडियमों का निरीक्षण अपने स्तर से भी किया जायेगा। निदेशक, खेल से प्राप्त निरीक्षण आख्याओं पर त्वरित रूप से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु शासन स्तर से निर्देशित किया जायेगा। जिन मामलों में शासन स्तर से कार्यवाही अपेक्षित हो वहां स्पष्ट संस्तुति सहित प्रस्ताव शासन को निदेशक, खेल द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। निरीक्षणकर्ता अधिकारी सम्बन्धित निरीक्षण आख्या खेल विभाग की वेबसाईड पर अपलोड करेगें तथा उनकी एक प्रति (हार्ड कापी) निदेशक, खेल तथा शासन को उपलब्ध करायेगें। सम्बन्धित अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान इंगित की गयी कमियों को निराकरण एक माह के अन्दर सुनिश्चित किया जायेगा तथा निदेशक खेल द्वारा

यह देखा जायेगा कि वास्तव में कमियों का निराकरण हुआ अथवा नहीं, इसका सतत् अनुश्रवण खेल निदेशालय द्वारा किया जायेगा तथा निराकरण होने के पश्चात ही प्रकरणों को लम्बित प्रकरणों की सूची से निक्षेपित किया जायेगा।

5- निदेशक, खेल द्वारा निदेशालय के प्रत्येक अधिकारी को मण्डल/जनपद आवंटित कर दिये जायेगें ताकि उक्त अधिकारी अपने से सम्बन्धित जनपद में स्थित जिला खेल कार्यालय का नियमित रूप से निरीक्षण कर सकें। एक बार निरीक्षण करने के उपरान्त पुन: छ: माह के अंदर उस कार्यालय का निरीक्षण सामान्यतया नहीं किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान पायी जाने वाली कमियों का निराकरण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित निरीक्षणकर्ता अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वह निदेशक, खेल को निरीक्षण में पायी गयी कमियों के निराकरण हेतु अपने सुझाव उपलब्ध करायेगें। निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं, जिनका निराकरण सम्बन्धित क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी स्तर से अपेक्षित है, के सम्बन्ध में एक सुस्पष्ट टिप्पणी निरीक्षणकर्ता द्वारा सम्बन्धित जिला खेल कार्यालय के क्रीड़ाधिकारी को प्रेषित की जायेगी। सम्बन्धित क्रीड़ाधिकारी द्वारा ऐसे बिन्दुओं पर कार्यवाही करके शासन एवं निदेशक, खेल को अवगत कराया जायेगा।

6- कृपया उपरोक्त निर्देशों का सम्यक अनुपालन निदेशक, खेल एवं सम्बन्धित अधिकारियों तथा स्पोर्ट्स कालेजों के प्रधानाचार्यो द्वारा सुनिश्चित किया जाये।

भवदीया,

(कल्पना अवस्थी)
प्रमुख सचिव।

संख्या-1030(1)/बयालिस-2020तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, क्षेत्रीय खेल कार्यालय, उत्तर प्रदेश।
3- समस्त क्रीड़ा अधिकारी, जिला खेल कार्यालय, उ0 प्र0।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कल्पना अवस्थी)
प्रमुख सचिव।

निरीक्षण बिन्दुओं पर निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करने विषयक

प्रपत्र–01

(क) अवस्थापना सुविधायें

जनपद का नाम :– —— मण्डल का नाम—— निरीक्षण की तिथि ——

क्रमांक	चेक बिन्दु	टिप्पणी
1.	स्टेडियम में निर्मित भवनों का विवरण/रखरखाव खेल मैदानों का विवरण/रखरखाव /रंगाई पुताई आदि	• स्टेडियम परिसर तथा भवनों की स्वच्छता, रखरखाव प्रकाश की व्यवस्था है ? • दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, वृक्षारोपण की स्थिति
2.	विद्युत एवं जनरेटर	• विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था है ? • सोलर पैनल लाइट की व्यवस्था है ?
3.	शौचालयों का रखरखाव/ प्रयोग पुरूष/महिला	• क्या शौचालयों का प्रयोग हो रहा है ? • क्या शौचालय स्वच्छ है? • क्या पुरूष /महिला खिलाडियों हेतु अलग शौचालय की व्यवस्था है ?
4.	पीने के पानी/पेयजल की व्यवस्था (वाटरकूलर की संख्या)/हैण्डपम्प का रखरखाव	• क्या हैण्डपम्प चालू है उसका प्रयोग किया जा रहा है? • उसके चारों ओर स्वच्छता है ? सीमेंट का चबूतरा बना है ? • पानी निकासी की व्यवस्था है ? • जल के अपव्यय को रोकने हेतु क्या खिलाड़ियों को अभिप्रेरित किया जाता है ?
5.	दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए व्यवस्था	• दिव्यांग के लिये रैम्प है अथवा नहीं ? • शौचालय की व्यवस्था ?
6.	प्रशिक्षण में प्रयोग की जाने वाली खेल सामग्री की उपलब्धता	• कीड़ा सामग्री • उपकरण/फर्नीचर आदि
7.	कार्यालय रखरखाव	• पुरानी पत्रावलियॉ तथा उपकरणों का नियमानुसार बीडिंग • कम्प्यूटर की संख्या एवं उपयोग की स्थिति एवं आवश्यकता
8.	खिलाड़ियों हेतु बैठने की व्यवस्था	• खिलाड़ियों को बैठने हेतु पैवलियन व बैंचों की व्यवस्था है
9.	स्टेडियम में निर्माणाधीन कार्यों की भौतिक प्रगति आख्या	• कार्यदायी संस्था का नाम • स्वीकृत कार्य/वर्ष • मूल लागत • शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त किये जाने की तिथि • कार्य प्रारम्भ करने की तिथि • निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित कर सम्बन्धित संस्था को धनराशि दिये जाने की तिथि • भौतिक प्रगति–01 डीपीसी 2–स्ट्रक्चर 3–लिन्टर • उपयोगिता प्रमाण पत्र • कार्य पूर्ण होने की तिथि

10.	विगत 05 वर्षो में प्रदान की गयी आवंटित /बजट के सदुपयोग की स्थिति	• मदवार प्राप्त धनराशि का व्यय तथा उपभोग की स्थिति/भौतिक • सत्यापन (क) निर्माण (ख) उपकरण कय (ग) अन्य • सृजित सुविधा का स्टाक रजिस्टर में दर्ज होना
11.	जिला खेलकूद प्रोत्साहन समिति से करार्य गये कार्य	• जिला खेलकूद विकास एवं प्रोत्साहन समिति से क्या–क्या कार्य कराये गये • अलग–अलग कार्य का विवरण धनराशि सहित
12	स्थानीय स्तर पर कराये गये कार्य का विवरण	• स्थानीय स्तर पर क्या–क्या कार्य कराये गये • कराये गये कार्य पर व्यय की गयी धनराशि का विवरण

(ख) प्रशासनिक

स्टेडियम का नाम :–

कमांक	चेक बिन्दु	टिप्पणी
1.	स्टेडियम में उपनिदेशक,खेल/क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी/कीड़ाधिकारी की तैनाती (जैसी भी स्थिति हो)	• क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी/कीड़ाधिकारी • प्रशिक्षण हेतु खेलवार कुल सृजित/कार्यरत तथा रिक्त पदों की संख्या
2.	पद सृजन की स्थिति	• निदेशालय स्तर पर रखरखाव
3.	स्टेडियम में तैनात क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी/ कीड़ाधिकारी का सेवा का विवरण	• जी0पी0एफ0, पुस्तकों का अध्यावधिक किया जाना • सेवा सम्बन्धी लम्बित प्रकरण
4.	स्टेडियम में खेलवार पंजीकृत खिलाडियों की संख्या	• एथलेटिक्स खो–खो • हॉकी तैराकी • फुटबाल स्क्वौश • वालीबाल टेबिल–टेनिस • हैण्डबाल लान–टेनिस • कबडडी भारोत्तोलन • बैडमिन्टन कुश्ती • तीरंदाजी ताईक्वान्डो • बास्केटबाल पावरलिफिटंग • बॉक्सिंग तलवारबाजी • क्रिकेट वुशू • जिम्नास्टिक नेटबाल • जूडो शूटिंग • साफ्ट टेनिस साईकिलिंग • रोइंग क्याकिंग एण्ड कैनोइंग • कराटे
5.	नेतृत्व क्षमता (क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी/कीड़ाधिकारी)	• क्या सभी अधिकारी/प्रशिक्षक सफल नेतृत्व प्रदान करने में सक्षम है • क्या सभी अधिकारी/खिलाड़ियों से मित्रता/मधुर सम्बन्ध है ? • विभागीय अधिकारियों से क्या सहयोगात्मक व्यवहार है ?
6.	स्टेडियम का अनुशासन	• छात्रावास बालक/बालिका एवं प्रशिक्षण हेतु आ रहे खिलाडी अनुशासित है ? • छात्रावास व खिलाडियों की शिकायतों के निराकरण हेतु सेल का गठन
7.	स्थानीय प्रशिक्षण शिविर	• संचालित हो रहे स्थानीय प्रशिक्षण शिविर का विवरण • प्रशिक्षण शिविर का नाम • प्रशिक्षक का नाम • संचालित होने का दिनांक

(ग) कार्यालय निरीक्षण

स्टेडियम/जनपद का नाम ——

क्रमांक	चेक बिन्दु	टिप्पणी
1.	स्टेडियम के अभिलेखों का रखरखाव	• उपस्थिति पंजिका का रखरखाव • सम्बन्धित खेल के खिलाडियों की उपस्थिति पंजिका • कैश बुक • स्टॉक रजिस्ट्रर
2.	गार्ड फाईल	• गार्ड फाईल का रखरखाव किया जा रहा है
3.	बजट कन्ट्रोल रजिस्टर	• बनाया गया है ?
4.	खेल सामग्री की गुणवत्ता	• मानक के अनुरूप है या नहीं
5.	भण्डार में उपलब्ध क्रीड़ा सामग्री व उसका मिलान	• सही पाया गया या नहीं–गुणवत्ता के अनुसार
6.	निष्प्रयोज्य क्रीड़ा सामग्री का निस्तारण	• निष्प्रयोज्य क्रीड़ा सामग्री के निस्तारण की कार्यवाही हुई अथवा नहीं
7.	ऑडिट आपत्तियॉ	• ऑडिट आपत्तियों के निस्तरण की कार्यवाही
8.	सेवा अभिलेखों का रखरखाव	• जी0पी0एफ0 • सर्विस बुक • चरित्र प्रविष्टियॉ
9.	प्रशिक्षण/प्रतियोगिता का शैडयूल	• प्रशिक्षण/प्रतियोगिता का शैडयूल बनाया गया है– विभिन्न स्तरों का युवा कल्याण, बेसिक शिक्षा, ओलम्पिक समिति आदि से कराया गया है अथवा नहीं
10.	जिला खेलकूद विकास एवं प्रोत्साहन समिति की रखरखाव	• तहसील स्तर की समिति की बैठकों की स्थिति • उपलब्ध धनराशि का विवरण • रजिस्ट्रेशन हुआ है अथवा नहीं • पिछले कितने वर्षो से रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है • वर्तमान में कार्य कर रही है अथवा नहीं • नवीनीकरण हेतु की गयी कार्यवाही
11.	टेलीफोन/कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था/रखरखाव	• टेलीफोन लगा है या नहीं • कम्प्यूटर की संख्या एवं उसका रखरखाव
12.	जनसुनवाई/मा0मुख्यमंत्री सन्दर्भ	• निस्तारण का विवरण – ई मेल एडरेस प्रसारित है
13.	अन्य कोई विवरण यदि कोई	• पृथक–पृथक दर्शाया जाय

निर्माणाधीन नवीन स्टेडियमों की भौतिक प्रगति आख्या

प्रपत्र–2

1.	निर्माणाधीन स्टेडियमों की भौतिक प्रगति की आख्या	• स्टेडियम का नाम • स्वीकृत कार्य/वर्ष • कार्यदायी संस्था • मूल लागत • शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त किये जाने की तिथि • निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित कर सम्बन्धित संस्था को धनराशि दिये जाने की तिथि • कार्य प्रारम्भ करने की तिथि • भौतिग प्रगति–1 डीपीसी 2. स्ट्क्चर 3. लिन्टर • उपयोगिता प्रमाण–पत्र • कार्य पूर्ण होने की तिथि • फोटोग्राफ सहित • वृक्षारोपण की स्थिति

निरीक्षणकर्ता का नाम :–

_____

पद नाम :–

_____

निरीक्षण बिन्दुओं पर निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करने विषयक

प्रपत्र–01

(क) अवस्थापना सुविधायें

स्पोर्ट्स कालेज का नाम :– —— छात्रावास खेल का नाम —— निरीक्षण की तिथि ——

कमांक	चेक बिन्दु	टिप्पणी
1.	स्पोर्ट्स कालेज भवन/कक्षा/कक्षों रंगाई,पुताई,सफाई	• स्पोर्ट्स कालेज परिसर तथा कक्षा/कक्ष की स्वच्छता, रखरखाव • प्रकाश की व्यवस्था है ?
2.	विद्युत एवं जनरेटर	• विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था है ? • सोलर पैनल लाइट की व्यवस्था है ?
3.	शौचालयों का रखरखाव/ प्रयोग	• क्या शौचालयों का प्रयोग हो रहा है ? • क्या शौचालय स्वच्छ है? • क्या छात्राओं हेतु अलग शौचालय की व्यवस्था है ?
4.	पीने के पानी/पेयजल की व्यवस्था हैण्डपम्प का रखरखाव	• क्या हैण्डपम्प चालू है व उसका प्रयोग किया जा रहा है? • उसके चारों ओर स्वच्छता है ? सीमेंट का चबूतरा है ? • पानी निकासी की व्यवस्था है ? • जल के अपव्यय को रोकने हेतु क्या खिलाड़ियों को अभिप्रेरित किया जाता है ?
5.	दिव्यांग छात्रों के लिए व्यवस्था	• दिव्यांग के लिये रैम्प है अथवा नहीं ?
6.	स्पोर्ट्स कालेज में खेल अवस्थापना सुविधाओं/उपकरण की उपलब्धता	• खेल अवस्थापनाओं की साफ–सफाई • उपकरण • फर्नीचर आदि
7.	पुस्तालय/ई–लाईब्रेरी	• पुस्तकों की संख्या/रखाव/बैठक की व्यवस्था • कम्प्यूटर की संख्या एवं उपयोग की स्थिति एवं आवश्यकता • ई–लाईब्रेरी/वाईफाई कनेक्टविटी की स्थिति
8.	छात्रों की बैठने की व्यवस्था /स्टाफरूम की व्यवस्था	• छात्रों के बैठने हेतु फर्नीचर की व्यवस्था • कामनहाल/स्टाफरूम की व्यवस्था
9.	स्पोर्ट्स कालेज में निर्माणाधीन कार्यों की भौतिक प्रगति की आख्या	• कार्यदायी संस्था का नाम • स्वीकृत कार्य/वर्ष • मूल लागत • शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त किये जाने की तिथि • निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित कर सम्बन्धित संस्था को धनराशि दिये जाने की तिथि • कार्य प्रारम्भ करने की तिथि • भौतिक प्रगति–01 डीपीसी 2–स्ट्रक्चर 3–लिन्टर • उपयोगिता प्रमाण पत्र • कार्य पूर्ण होने की तिथि • खेलो इण्डिया के अन्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त धनराशि का

		उपयोग
10.	विगत 05 वर्षो में प्रदान की गयी राजकीय ग्रान्टस के सदुपयोग की स्थिति	• मदवार प्राप्त धनराशि का व्यय तथा उपभोग की स्थिति/भौतिक • सत्यापन (क) निर्माण (ख) उपकरण क्रय (ग) अन्य • सृजित सुविधा

(ख) प्रशासनिक

स्पोर्ट्स कालेज का नाम :–

क्रमांक	चेक बिन्दु	टिप्पणी
1.	प्राचार्य/प्रवक्ता की तैनाती	• स्पोर्ट्स कालेज में प्राचार्य की तैनाती • प्रवक्ता के संकायवार/विषयवार कुल सृजित/कार्यरत तथा रिक्त पदों की संख्या
2.	समयबद्व/पद सृजन की स्थिति	• स्पोर्ट्स कालेज में संचालित पाठ्यक्रम/विषय की सम्बद्वता प्राप्त है –स्थाई/अस्थाई ? किस स्पोर्ट्स कालेज से सम्बद्व है? • सम्बद्वता के अनुसार पदों की सृजन की स्थिति –लम्बित है तो किस स्तर पर
3.	स्पोर्ट्स कालेज में तैनात प्राचार्य/प्रवक्ता का सेवा विवरण	• जी0पी0एफ0 • सेवा सम्बन्धी लम्बित प्रकरण
4.	पंजीकृत छात्रों की संख्या	• कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या–छात्र व छात्राओं • छात्रों की उपस्थिति • विषयवार छात्रों की संख्या एस0सी0/एस0टी0/पि0वर्ग/अल्पसंख्यक
5.	नेतृत्व क्षमता (प्राचार्य/प्रवक्ता)	• क्या सभी अध्यापक सफल नेतृत्व प्रदान करने में सक्षम है? • क्या सभी अध्यापकों से मित्रवत/मधुर सम्बन्ध है ? • विभागीय अधिकारियों से क्या सहयोगात्मक व्यवहार है ? • क्या स्पोर्ट्स कालेज समय से खुलता है
6.	स्पोर्ट्स कालेजों का अनुशासन	• छात्र/छात्राऐं स्पोर्ट्स कालेज तथा कक्षाओं में अनुशासित हैं ? • ऐंटी रेगिंग सेल का गठन • छात्राओं की शिकायतों के निराकरण हेतु सेल का गठन
7.	विभिन्न श्रेणी के छात्रवृत्ति की स्थिति	• छात्रों का एकाउन्ट खुला है अथवा नहीं • सभी श्रेणी के अनुमन्य छात्रवृत्ति के वितरण उनके खातों में जाने की स्थिति

निर्माणाधीन नवीन स्पोर्ट्स कालेजों की भौतिक प्रगति आख्या

प्रपत्र–2

1.	निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कालेजों की भौतिक प्रगति की आख्या	• स्पोर्ट्स कालेज का नाम • स्वीकृत कार्य/वर्ष • कार्यदायी संस्था • मूल लागत • शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त किये जाने की तिथि • निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित कर सम्बन्धित संस्था को धनराशि दिये जाने की तिथि • कार्य प्रारम्भ करने की तिथि • भौतिग प्रगति–1 डीपीसी 2. स्ट्क्चर 3. लिन्टर • उपयोगिता प्रमाण–पत्र • कार्य पूर्ण होने की तिथि • फोटोग्राफ सहित • वृक्षारोपण की स्थिति

निरीक्षणकर्ता का नाम :–

_____

पद नाम :–

_____

(ग) शैक्षणिक गुणवत्ता

स्पोर्ट्स कालेज का नाम ——

छात्रावास खेल का नाम —

कमांक	चेक बिन्दु	टिप्पणी
1.	स्पोर्ट्स कालेज के अभिलेखों का रखरखाव	• छात्र पंजिका का उचित रखरखाव (बायोमैट्रिक उपस्थिति सी0सी0 टी0वी0 कैमरा) • सम्बन्धित उपस्थिति पंजिका • पुस्तक बैंक/सेक्शन रूम • छात्रवृत्ति • स्टॉक रजिस्ट्रर
2.	कक्षा कक्ष में लर्निंग व्यवस्था में अभिनव प्रयोगों की विधि स्थिति	• शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग टीचिंग लर्निंग मैटेरियल टी0एल0एम0 आई0सी0टी0 • अनुपूरक शिक्षण सामग्री का प्रयोग • मानचित्र/ग्लोब का प्रयोग
3.	खेलकूद	• स्पोर्ट्स कालेज में क्रीड़ा हेतु मैदान की उपलब्धता • क्रीडा सामग्री • प्रवक्ता,शारीरिक शिक्षा की तैनाती • खेल का स्तर–प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग की स्थिति– सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, तहसील, जनपद, मण्डल, राज्य, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय
4.	शिक्षक का व्यक्तित्व व स्वयं क्षमता विकास का प्रयास	• शिष्ट एवं अनुशासित आचरण • व्यक्तित्व के गुणात्मक विकास हेतु शिक्षक द्वारा क्या प्रयास किया गया • स्पोर्ट्स किट • संयत • प्रसन्नचित मृदु स्वभाव समयबद्वता
5.	शिक्षक की भाषा एवं सम्प्रेरण क्षमता निरीक्षणकर्ता द्वारा अध्यापन कार्य को कुछ समय तक देखा जाय	• सरल भाषा का प्रयोग करते है • शुद्व उच्चारण का प्रयोग करते है • उनकी बात/भाषा छात्रों को समक्ष में आती है • छात्र/छात्राओं को समान रूप से सम्बोधित करते है
6.	अध्यापक का छात्रों के प्रति दृष्टिकोण	• मित्रवत–स्नेहपूर्ण • सकारात्मक • समस्त श्रेणी के प्रति समान भाव रखते है • अध्यापको का व्यवहार छात्रों को प्रोत्साहन देते है या नकारात्मक शब्दों से उन्हें हतोत्साहित करते हैं • छात्र/छात्राओं की शैक्षिक व खेल के मानकों में प्रगति के प्रति सचेत/प्रयासरत रहते हैं या नहीं ?
7.	कक्षावार समय–सारणी के उपलब्धता पाठ्यक्रम की उपलब्धता समयबद्व शैक्षिक	• समय सारणी का अनुपालन करना

	इकाइयों के अनुसार पढाई की जा रही है या नही?	• आन्तरिक मूल्यकंन–क्लास टेस्ट,एसाईमेंट, प्रोजेक्ट वर्क्स, रिमेडियल टीचिंग • समयबद्व रूप से शैक्षिक इकाईयों को शैक्षिक कलेण्डर अनुसार पढाया जा रहा है या नहीं
8.	क्या शिक्षण पाठ्यक्रम/खेल विषय के अनुसार शिक्षक अधिगम सामग्री का निर्माण एवं प्रयोग करते है	क्या शिक्षण अधिगम सामग्री प्रेरणादयाक है ? • वास्तविक खिलाड़ियों के जीवन की समस्याओं के हल के प्रति प्रेरणा • क्या समस्त बच्चों को खेलो इण्डिया एप के बारे में जानकारी है अथवा नहीं
9.	क्या शिक्षक अधिगम प्रकिया में गतिविधिया कराई जा रही हैं ?	• छात्र/छात्राओं को अध्यन में अध्यापक द्वारा रोमेडियल क्लास लिये जाते है? • छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था • परीक्षा की सुचिता एवं समयबद्वता की स्थिति तथा पूर्व में नकल की शिकायतों की स्थिति
10.	क्या अध्यापक कक्षा गतिविधियों में सभी बच्चों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करते है तथा अभिभावकों से संवाद की स्थिति	• क्या छात्राओं और कमजोर छात्रों को अभिव्यक्ति एवं गतिविधियां करने का समान अवसर दे रहे हैं • कुछ छात्र/छात्राऐं गतिविधि करें तथा कुछ निष्क्रिय उपेक्षित हो ऐसा नहीं • क्या अभिभावकों से नियमित बैठक होती हैं
11.	स्पोर्ट्स कालेज से सम्बन्धित सूचना/विवरण विभागीय वेबसाइड पर अपलोड किये जाने की स्थिति	• स्पोर्ट्स कालेज से सम्बन्धित सूचना/विवरण को खेलो इण्डिया पोर्टल एप पर अपलोड हो रहा है अथवा नहीं ? • यदि नहीं तो कारण ?
12.	कैरियर काउन्सिलिंग	• नियत स्थान की उपलब्धता है अथवा नहीं • मनोवैज्ञानिक एप्टीटयूड टेस्टिंग की व्यवस्था
13.	उच्च शिक्षा को व्यवसायिक परक बनाने के प्रयास	• स्पोर्ट्स कालेज में मुख्य पाठ्यक्रम के साथ खेल सम्बन्धित व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने की सुविधा • मुख्य पाठ्यक्रम के साथ शिक्षा खेल सम्बन्धित व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने की सम्भावना • स्पोर्ट्स कालेजों में कौशल केन्द्र • कीड़ा छात्रावासों में कौशल केन्द्र
14.	अन्य कथन/ विवरण	• अभिनव उल्लेखनीय प्रयास अथवा कमियों का विवरण

खेल निदेशालय,उत्तर प्रदेश

जिला/क्षेत्रीय खेल कार्यालय–.....

आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र

फार्म सं0–..... **आवेदन शुल्क रू0 10/–**

नवीनतम फोटो चस्पा करें

1– खेल का नाम ————————————————

2– अभ्यर्थी का पूरा नाम(हिन्दी में)————————————————

(अग्रेजी में)————————————————

3– जन्मतिथि————————————————

(आयु 01 अप्रैल..... को ———वर्ष ———माह ———दिन (प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

4–जाति————————————उपजाति————————————

5–आधार नम्बर————————————————————————————

6–पिता का नाम———————————— व्यवसाय ————————————

7– माता का नाम———————————— व्यवसाय ————————————

8–स्थायीपता– ग्राम/मोहल्ला————————पोस्ट———————— थाना————————

जनपद———————— दूरभाष/मो0 नं0———————— ई–मेल————————————

9– पत्र व्यवहार का पता–ग्राम/महोल्ला————————पोस्ट————————थाना————————

जनपद———————— दूरभाष/मो0 नं0———————— ई–मेल————————————

10–लम्बाई————————————वजन————————————ब्लड ग्रुप————————————

11–कक्षा, जिसमें प्रवेश वांछित है————————————————————

12–प्रार्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए(डोमासाइल प्रमाण पत्र संलग्न करें)————————

13–प्रार्थी का पहचान चिन्ह ————————————————————————

14– दांत की संख्या––(12वर्ष से कम आयु पर अधिकतम् 24दॉतएवं 15वर्ष से कम आयु परअधिकतम 28दॉत होनी चाहिए)

15– अभ्यर्थी को मिर्गी/चर्मरोग/कोई अन्य बीमारी हैं अथवा नहीं———(चिकित्सा प्रमाण पत्र संलग्न करें)।

16–शैक्षिक योग्यता,वर्तमान में जिस कक्षा में अध्ययनरत है:–

कक्षा का नाम	विद्यालय/कालेज का नाम	वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	परीक्षाफल

घोषणा–मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण रूप से सही है। मेरे किसी भी तथ्य को गलत पाये जाने पर मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जाय, जिसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी। मैनें सभी तथ्यों को भली भाँति पढ़ लिया है तथा प्रवेश के पश्चात् छात्रावास के नियमों का अक्षरशः पालन करूँगा/करूँगी।

दिनांकः ..... अभ्यर्थी का पूर्ण नाम .....अभ्यर्थी के हस्ताक्षर .....

अभिभावक का पूर्ण नाम..... अभिभावक के हस्ताक्षर.....

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी/ क्रीड़ाधिकारी

हस्ताक्षर एवं मुहर

———2

आवश्यक सूचना व निर्देश

1– तैराकी एवं जिम्नास्टिक्स खेल के छात्रावासों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों के आयु 12 वर्ष से कम तथा अन्य खेलों हेतु 15 वर्ष से कम होनी चाहिए।

2– आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट एवं सम्बन्धित खेल का स्किल टेस्ट लिया जायेगा।

3– फिजिकल टेस्ट एवं स्किल टेस्ट का पूर्णांक 50–50 अंक होगा। चयन/ट्रायल्स में उत्तीर्ण होने हेतु फिजिकल टेस्ट में 40प्रतिशत अर्थात 20अंक तथा स्किल टेस्ट में 50प्रतिशत अर्थात 25 अंक अर्जित करना अनिवार्य है। फिजिकल टेस्ट में उत्तीर्ण होने के उपरान्त ही स्किल टेस्ट हेतु अभ्यर्थी अर्ह होगा।

4– आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में रिक्त स्थान के सापेक्षखेलवार गठित चयन समिति द्वारा उपलब्ध करायी मेरिट सूची से मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

5– **12 वर्ष से कम एवं 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के फिजिकल टेस्ट का मानक निम्नवत है–**

15वर्षीय		शटल रन 6×10मी.	100मी0 रेस	मेडिसिन बाल थ्रो (2किग्रा0)	800मी0	स्टैंडिंग ब्राड जम्प	**योग**
	पूर्णांक	**10**	**10**	**10**	**10**	**10**	**50**
12वर्षीय		शटल रन 6×10मी.	50मी0 रेस	मेडिसिन बालथ्रो (1किग्रा0)	800मी0	स्टैंडिंग ब्राड जम्प	**योग**
	पूर्णांक	**10**	**10**	**10**	**10**	**10**	**50**

12वर्ष से कम आयु के बालक/बालिकाओं हेतु बैट्री टेस्ट मानक

	बालक				
अंक	शटल रन (6×10मी0)	50मी0 रेस	मेडीसिन बालथ्रो, 01कि0ग्रा0	800मी0 रेस	स्टेडिंग ब्राडजम्प
1.5	19.01–20.00 सेकेन्ड	8.01–8.50 सेकेन्ड	2.50–2.99 मी0	3.46–3.59 मिनट	1.00–1.24 मी0
3.0	18.01–19.00 "	7.51–8.00 "	3.00.3.49 "	3.31–3.45 "	1.25–1.49 "
4.5	17.01–18.00 "	7.01–7.50 "	3.50–3.99 "	3.16–3.30 "	1.50–1.74 "
6.0	16.01–17.00 "	6.51–7.00 "	4.00–4.49 "	3.00–3.15 "	1.75–1.99 "
8.0	15.01–16.00 "	6.01–6.50 "	4.50–4.99 "	2.46–2.59 "	2.00–2.24 "
10.0	15.00 सेकेन्ड से कम	6.00 सेकेन्ड से कम	5.00 मी0 से ऊपर	2.45 मिनट से नीचे	2.25 मी0से अधिक
	बालिका				
1.5	22.00–22.99 सेकेन्ड	9.41–10.00 सेकेन्ड	1.25–1.69 मी0	4.21–4.40 मिनट	0.85–1.02 मी0
3.0	21.00–21.99 "	8.81–9.40 "	1.70–2.14 "	4.01–4.20 "	1.03–1.20 "
4.5	20.00–20.99 "	8.21–8.80 "	2.15–2.59 "	3.41–4.00 "	1.21–1.38 "
6.0	19.00–19.99 "	7.61–8.20 "	2.60–3.04 "	3.21–3.40 "	1.39–1.56 "
8.0	18.01–18.99 "	7.01–7.60 "	3.05–3.50 "	3.01–3.20 "	1.57–1.74 "
10.0	18.00 सेकेन्ड से कम	7.00 सेकेन्ड से कम	3.51 मी0से ऊपर	3.00 मिनट से नीचे	1.75मी0से अधिक

15वर्ष से कम आयु के बालक/बालिकाओं हेतु बैट्री टेस्ट मानक

	बालक				
अंक	शटल रन (6×10मी0)	100मी0 रेस	मेडीसिन बालथ्रो, 02कि0ग्रा0	800मी0 रेस	स्टेडिंग ब्राडजम्प
1.5	16.00–15.51 सेकेन्ड	13.60–14.00 सेकेन्ड	4.00–4.99 मी0	3.10–3.25 मिनट	2.05–2.19 मी0
3.0	15.50–15.01 "	13.20–13.59 "	5.00–5.99 "	2.55–3.09 "	2.20–2.34 "
4.5	15.00–14.51 "	12.80–13.19 "	6.00–6.99 "	2.40–2.54 "	2.35–2.49 "
6.0	14.50–14.01 "	12.40–12.79 "	7.00–7.49 "	2.25–2.39 "	2.50–2.64 "
8.0	14.00–13.50 "	12.00–12.39 "	7.50–7.99 "	2.10–2.24 "	2.65–2.79 "
10.0	13.49 सेकेन्ड से कम	11.99 सेकेन्ड से कम	8.00मी0 से ऊपर	2.09मिनट से नीचे	2.80मी0 से अधिक
	बालिका				
1.5	17.51–17.99 सेकेन्ड	16.70–17.49 सेकेन्ड	2.00–2.99 मी0	4.30से ऊपर मिनट	2.00–2.09 मी0
3.0	17.00–17.50 "	15.90–16.69 "	3.00–3.49 "	4.00–4.29 "	2.10–2.19 "
4.5	16.50–16.99 "	15.10–15.89 "	3.50–3.99 "	3.30–3.59 "	2.20–2.29 "
6.0	16.00–16.49 "	14.30–15.09 "	4.00–4.49 "	3.00–3.29 "	2.30–2.39 "
8.0	15.50–15.99 "	13.50–14.29 "	4.50–4.99 "	2.31–2.59 "	2.40–2.49 "
10.0	15.49 सेकेन्ड से कम	13.49 सेकेन्ड से कम	5.00 मी0से ऊपर	2.30 मिनट से नीचे	2.50 मी0 से ऊपर